पेपर नं . ५

१. (अ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर छः वाक्यों मे लिखिए । (१२)

१. सोमाबुआ ने विवाह में जाने के लिए क्या क्या तैयारियाँ की थीं ?

२. बिना पैसे की विश्वयात्रा से यात्रियों को कैसा लाभ पहुँचा ?

३. 'दो बैलों की कथा' पर से प्राणियों में रहे मानवीय भाव समझाइए ।

४. किशोरीलाल मानिकचंद से क्यों अधिक सुखी है ?

५. फौजी वापस आकर अब कैसी जिन्दगी जीना चाहता था ? क्यों ?

(ब) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दो-दो वाक्यों में लिखिए । (६)

१. सोना हिरनी छोटे बच्चों का किस प्रकार मनोरंजन करती थी ?

२. औरत प्रतिदिन ईश्वर से क्या प्रार्थना करती थी ? क्यों ?

३. कहानी का राजकुमार क्या क्या लेकर पाठशाला में पढने जाता है ?

४. 'क' की भुजाओं में जकडे लेखक को धृतराष्ट्र की याद क्यों आ गई ?

(क) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर एक-एक वाक्य में लिखिए । (२)

१. जेल में सुभाषबाबू एक मात्र सत्य किसे मानते हैं ?

२. सोमाबुआ लोगों के किन कामों में हाथ बँटाने चली आती थी ?

३. विश्व यात्रियों को गरम पानी की सलाह क्यों दी गई ?

२. (अ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर चार-पाँच वाक्यों में लिखिए । (९)

१. नंदरानी क्यों प्रसन्न होती हैं ? प्रसन्न होकर वह क्या करती हैं ?

२. राम की आज्ञा हो तो लक्ष्मण क्या क्या कर सकते हैं ?

३. अकाल और उसके बाद की परिस्थिति का चित्रण कीजिए ।

४. 'ग्रामश्री' में किये गए 'चाँदी की सी उजली जाली' का वर्णन कीजिए ।

(ब) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दो-दो वाक्यों में दीजिए । (६)

१. सतपुडा के जंगलों की लताएँ कैसी होती है ?

२. स्वतंत्रता के बाद हवाएँ कैसे चलती हैं ? क्यों ?

३. रहीम के मत से मछलियाँ पानी सूख जाने पर क्यों लाचार हो जाती हैं ?

४. मीरा को हरि के आगमन की सूचना कैसे मिल गई ?

(क) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर एक-एक वाक्य में दीजिए । (२)

१. राजा जनक को लक्ष्मण ने कौन सी शपथ लेकर प्रत्युत्तर दिया ?

२. बालकृष्ण ने क्यों दाँव दिया ?

३. नदी रास्ते में किस से बतियाती है ?

(ड) काव्यपूर्ति कीजिए । ३)

इस नदी की धार ..... गाती तो हैं ।

३. (अ) निम्नलिखित मुहावरों में से किन्हीं दो के अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए । (४)

१. तशरीफ ले जाना २. हृदय मुँह को आ जाना ३. भद्द उड़ना

(ब) निम्नलिखित कहावतों में से किसी एक का अर्थ स्पष्ट कीजिए । (२)

१. महिमा घटी समुद्रकी रावण बसा पडोस।

२. इस हाथ दे, उस हाथ ले।

(क) निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं दो से भाववाचक संज्ञाएँ बनाइए । (१)

१. जिन्दा २. झुँझलाना ३. एक

(ड) निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं दो के विशेषण बनाइए । (१)

१. धृण २. दया ३. उन्नत

(इ) निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं दो से कर्तृवाचक संज्ञा बनाइए । (१)

१. भूलना २. कृषि ३. विद्या

(ई) निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं दो के विरूद्धार्थी शब्द लिखिए । (१)

१. कोमल २. अस्त ३. अथ

(उ) निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं दो के पर्यायवाची शब्द लिखिए । (१)

१. आलोक २. लकीर ३. प्रासाद

(ऊ) निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं दो के लिंग पहचानिए । (१)

१. मील २. मौसम ३. बर्फ

(ए) निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं दो के लिंग परिवर्तन कीजिए । (१)

१. भक्त २. बुढिया ३. बुआ

(ऐ) निम्नलिखित सामासिक शब्दों में से किन्हीं दो के समासों के नाम बताइए । (१)

१. श्रीहत २. मृगराज ३. यथासमय

(ओ) निम्नलिखित शब्द समूहों में से किन्हीं दो के लिए एक-एक शब्द लिखिए । (१)

१. जो निंदा करता है वह ।

२. जिसने अभी जन्म लिया है वह ।

३. पशुओं के चारा-पानी का स्थान ।

(औ) निम्नलिखित वाक्यों में से किन्हीं पाँच वाक्यों का सूचना के अनुसार परिवर्तन कीजिए । (५)

१. पिता ने बेटी को बहुत मारी । (वाक्य शुद्ध कीजिए)

२. मेरे चाचा निसंतान थे । (निषेधात्मक वाक्य में बदलिए)

३. हम में कोई तकरार न थी । (प्रश्नार्थ वाक्य में बदलिए)

४. राम ने रावण को मारा । (कारक ढूँढकर लिखिए)

५. शब्दों के अर्थ स्पष्ट कीजिए : चिर-चिर

६. तुम झुठ बोलते हो । (पूर्व भूतकाल में बदलिए)

७. 'व्यधाम' शब्द का अर्थ दीजिए ।

८. अच्छे लडके परिश्रमी होते हैं । (मिश्र वाक्य में बदलिए)

४. (अ) निम्नलिखित विषयों में से किसी एक पर २०० शब्दों में निबंध लिखिए । (१२)

१. समय का सदुपयोग.

महत्व - हम समय कैसे नष्ट करते हैं - समय का सदुपयोग कैसे हो सकता है - समय का सदुपयोग और महापुरुष - उपसंहार ।

२. मजहब नहीं सिखाता आपस में बैर रखना ।

भारत में विविध संप्रदाय - नीति चरक उपदेश - दवा, ममता, अहिंसा - स्वार्थ के लिए भडकना - आतंक - हिंसा - भय - शांति के उपाय ।

३. एक घायल सैनिक की आत्मकथा.

परिचय - जन्म और बचपन - फौजी तालीम - प्रारंभिक अनुभव - युद्ध के मैदान में - आखिरी इच्छा ।

४. प्रवास : मेरी पसंद का.

प्रवास में क्यों जाना चाहते हो - कहाँ गये - क्यों - कैसे गये - क्या देखा - क्या जाना - सीखा - मजा क्या मिला - वापस ।

(ब) दिये गये नाम और पते के आधार पर ही निम्नलिखित पत्र लिखिए । (८)

७, 'मल्हार', सुरावली पार्क, सुरम्यनगर, सुभाष रोड, सुरत से सलील शाह वडोदरा निवासी अपने मित्र तुषार त्रिवेदी को अपने स्कूल द्वारा आयोजित 'वृक्षारोपण समारोह' का वर्णन करते हुए पत्र लिखता है ।

५. (अ) निम्नलिखित विधानों की सुयोग्य पूर्ति के लिए दिये गये पर्यायों में से किसी एक को चुनकर पूरा वाक्य फिर से लिखिए । (२)

(१) १. डॉ. चिटणीस बांडुंग चले गये थे, क्योंकि ...

- विख्यात विज्ञान संस्था का आमंत्रण मिला था ।
- हिमपात से बचने का एकमात्र सुरक्षित स्थान था ।
- हिमपात से सबसे पहले बांडुंग को बचाना जरूरी था ।

२. सोना हिरनी को पिल्लों के साथ सोना पसन्द था, क्योंकि ...

- क्लोरा ने ही सोना को वहाँ रहने को कहा था ।
- पिल्लों को सोना का सुनहलापन सुहाता था ।
- सोना को उदर में दूध खोजते पिल्ले प्यारे लगते थे ।

(२) निम्नलिखित विभाग 'अ' में पाठों के नाम दिये गये हैं और विभाग 'ब' में संबंधित लेखकों के नाम दिये गये हैं । पाठ का नाम लिखकर उसके सामने सही लेखक का नाम लिखिए । (२)

विभाग 'अ'	विभाग 'ब'
१.अपना-पराया	१. महादेवी वर्मा
२. रूपया तुम्हें खा गया	२. मन्नू भण्डारी
	३. भगवतीप्रसाद वर्मा
	४. जैनेन्द्रकुमार

(३) निम्नलिखित विभाग 'अ' में पात्रों के नाम दिये गये हैं और विभाग 'ब' में पात्रों की उक्तियाँ दी गई हैं । सही पात्र का नाम लिखकर उसके सामने उक्ति लिखिए । (२)

विभाग 'अ'	विभाग 'ब'
१. किशोरीलाल भागीरथजी राधाभाभी	१. तुमने लाज रख ली ।
२. पडदादी माँ विष्णु प्रभाकर	१. गुरुजी उन्हें बहुत प्यार करते थे ।

(ब) निम्नलिखित गद्यांश पढकर नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए । (६)

गौतम बुद्ध का जीवन परम-पवित्र और दिव्य था । उनके विचारों में अपूर्व उज्जवलता थी और वाणी में माधुर्य था । उनके उपदेशों में एक एसा आकर्षण था कि राजा और रंक सभी उनकी और खींच जाते । अशोक, कनिष्क, हर्ष आदि शक्तिशाली राजाओं ने उनके धर्म को ग्रहण किया । उन्होंने संसार को स्नेह और शांति का संदेश दिया । बुद्ध के उपदेशों का भारत और देशांतर पर अच्छा प्रभाव पड़ा । सर्वत्र प्राकृत का प्रचार हुआ और भारतीय कला और साहित्य का प्रसार हुआ ।

प्रश्न :

१. गौतमने कौन सा संदेश दिया ?
२. गौतम बुद्ध के जीवन की क्या विशेषता थी ?
३. बुद्ध के उपदेशों द्वारा किनका प्रचार और प्रसार हुआ ?
४. गौतम बुद्ध के उपदेशों का राजा और रंक पर क्या प्रभाव पड़ा ?
५. गौतम बुद्ध के विचार तथा वाणी के बारे में क्या कहा गया है ?
६. इस गद्यखंड को उचित शीर्षक दीजिए ।

(क) निम्नलिखित परिच्छेद का अपनी मातृभाषा में अनुवाद कीजिए । (८)

मनुष्य अपनी हीनता से दबता है । वह दूसरों की निंदा करके ऐसा अनुभव करता है कि वे सब निकृष्ट हैं और वह उनसे अच्छा है । उसके अहं की इससे तृष्टि होती है । बडी लकीर को कुछ मिटाकर छोटी लकीर बडी बनती है । ज्यों ज्यों कर्म क्षीत होता जाता है, त्यों त्यों निंदा की प्रवृत्ति बढती जाती है । इंद्र बडा ईर्ष्यालु माना जाता है, क्योंकि वह निठल्ला है ।

F F F F F

विभाग - १

प्रश्न बेंक

विभाग - २

नमुने के प्रश्न-उत्तर

विभाग - ३

नमुने के प्रश्न पत्रो